शिमला की बेटी रिड्ज के कार्यक्रम में उमड़ीं सिने जगत की हस्तियां

सुरेश सूद-चौपाल,नेरवा

- एक हजार ऑनलाइन शो पूरे होने पर मुंबई में आयोजित किया सम्मान समारोह

क्वीन ऑफ हिल्स शिमला की बेटी रिड्ज डाइम डैरल उर्फ रीटा द्वारा एक हजार सफल ऑन लाइन शो संपन्न होने के उपलक्ष्य में मुंबई के अंधेरी वेस्ट स्थित मुक्ति हॉल में एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें सिने जगत से जुड़ी तीन सौ से अधिक हस्तियों ने शिरकत की। कार्यक्रम को डी कुशाल भाई, एरम फरीदी और डाक्टर पुष्पेंद्र प्रताप सिंह द्वारा प्रायोजित किया गया। इस कार्यक्रम में प्रसिद्ध समाजसेवी, कारपोरेट रणनीतिकार एवं एशिया शिपिंग इंटरनेशनल ट्रांसपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड के कंट्री हेड डाक्टर पुष्पेंद्र प्रताप सिंह ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की, जबकि 62वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार से सम्मानित प्रसिद्ध हिंदी व पंजाबी अभिनेता यशपाल शर्मा तथा 1990 के दशक की दूरदर्शन फंतासी टेलीविजन शृंखला चंदरकानाता में क्रूर सिंह का दमदार रोल निभाने वाले अखिलेंद्र मिश्रा विशेषातिथि के रूप में उपस्थित रहे। मुख्यातिथि एवं विशेष तिथियों ने सिने जगत की मशहूर हस्तियों पद्मश्री अनूप जलोटा, अगम कुमार निगम, टीकू तलसानिया, गोविंद नाम देव, जावेद अली, पवन कुमार शर्मा, रोहिताश गौर, जैकी श्रॉफ, राजेश पुरी, अनंत जोग, उपासना सिंह, रंजन कुमार सिंह, उर्वशी उपाध्याय, ऋषि त्यागी, दिलीप सेन, कृष्णा भारद्वाज, पंकज बैरी, चांद कृष्ण धर, नानक सिंह, नीरज भारद्वाज, राजेश बलवानी, रजनी आचार्य, मौजूद थे। मंजीत सिंह कोहली, हितेन तेजवानी, प्रेम सागर, सुदेश भोंसले, नवीन सैनी, गिरीश थापर, गिरीश विश्व, बंटी राठौर, शान, जसबीर जस्सी, पद्मश्री हंसराज हंस, रश्मि देसाई, रंजन कुमार सिंह, मनोज शर्मा, एरम फरीदी, निर्मल सिंह, संजय भाडली, अरविंदर सिंह इत्यादि 250 कलाकारों को स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। बता दें कि रिड्ज जिला शिमला के ठियोग क्षेत्र से संबंध रखती है। वह पेशे से एक अभिनेत्री, गिटारवादक एवं गायिका है। रिड्ज का टेलेंट उस समय सामने आया, जब उन्होंने कोरोना काल में लगातार 387 ऑन लाइन शो कर विश्व रिकॉर्ड बना डाला।...(एचडीएम)